हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 23 मार्च 2026

06 नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणगौर महोत्सव...

07 जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों ...




**खबर संक्षेप**

### किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने अभियान



**विदिशा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के समन्वय से जिले में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का टीका लगाया जा रहा है। जिला अस्पताल में इसके लिए अलग वार्ड की व्यवस्था की गई है। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत अरोड़ा स्वयं कई बालिकाओं को लेकर अस्पताल पहुंचीं और टीकाकरण करवाया। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलेभर में अभियान चलाकर अधिक से अधिक किशोरियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कल 17 हजार बच्चों को मिलेंगे प्रमाण पत्र

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में 24 मार्च को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्या आरंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके तहत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के करीब 17 हजार बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल देकर आमंत्रण दिया है। प्रत्येक केंद्र पर बाल चौपाल का आयोजन होगा, जहां बच्चों को स्कूल में प्रवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास है।

### नर्मदा परिक्रमा कर आज लौटेंगे आनंद यादव

**विदिशा।** नर्मदा परिक्रमा कर लौट रहे



करई गांव निवासी आनंद यादव का सोमवार सुबह करीब 10 बजे विदिशा रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया जाएगा। 11 बजे वह अपने गांव करई पहुंचेंगे। जहां वह नर्मदा परिक्रमा से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगे। इसके बाद प्रसादी वितरण होगा।

### मोक्ष का वर्णन किया

**विदिशा।** मुखर्जी नगर कॉलोनी में सिद्ध सियाराम आयोजन सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कथा में सोमवार को गजेन्द्र मोक्ष का वर्णन करते हुए पं. विशालकृष्ण महाराज ने बताया कि संकट में सच्चे भाव से भगवान विष्णु का स्मरण ही तारनहार है। गजेन्द्र की पुकार पर भगवान ने प्रकट होकर उसे मगरमच्छ से मुक्त कर मोक्ष प्रदान किया। कथा के मुख्य यजमान प्रदीप शर्मा, सुरेन्द्र व्यास, आयोजन समिति के आयोजक सुरेन्द्र कुशवाह, पार्षद प्रतिनिधि गोलू चौधरी,हेमन्त दुबे,समिति के तारा कुर्मी,सचिन दुबे,पिंकी साहू, जितेन्द्र कुशवाह,अमित एक्सेना,राधेश्याम श्रीवास, कुलदीप शर्मा,अर्जुन कुशवाह, अजय कीर,विक्की साहू, समस्त कॉलोनीवासी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बाजार में बड़ी इंडक्शन की डिमांड, चंद दिनों में सैकड़ों बिक गए

# उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं की केवायसी नहीं, सब्सिडी अटकी

***घरेलू गैस की किल्लत और समय पर होम डिलेवरी में देरी के कारण बाजार में इंडक्शन की डिमांड बढ़ गई है। प्रतिदिन करीब 70 से 80 इंडक्शन बिक रहे हैं। वहीं गैस एजेंसियों पर भी रोज सैकड़ों की संख्या में लोग गैस रिफिल कराने पहुंच रहे हैं। इधर पेट्रोल की किल्लत की अफवाहें भी शहर में चल रहीं हैं।***



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी में देरी के कारण गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। हालांकि शहर की मुख्य गैस एजेंसियों से दो से तीन दिन के भीतर ही घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलेवरी का दावा किया जा रहा है। विदिशा गैस एजेंसी के संचालक विवेक ठाकुर ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने 6 माह से गैस गैस सिलेंडर नहीं लिया है उनके नंबर बंद हो गए हैं। जिसके कारण उनकी बुकिंग नहीं हो पा रही है। कई उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर लिंक नहीं हैं और गैस रिफलिंग के लिए ओटीपी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही आना है। जिसके कारण भी कई उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 40% उपभोक्ताओं ने मोबाइल नंबर अपडेट नहीं कराए हैं। जो अब एजेंसी पहुंच रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उज्जवला योजना में केवायसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं की सब्सिडी रुकी हुई है। उन्होंने बताया कि उज्जवला योजना के तहत 310 रुपए की सब्सिडी दी जाती है। इधर घरेलू गैस की होम डिलेवरी में हो रही देरी और बाजार में चल रही अफवाहों के कारण लोग इंडक्शन की खरीदी कर रहे हैं कि गैस की किल्लत होने पर घरों में खाना बन सके। प्रतिदिन 70 से 80 इंडक्शन रोज बिक रहे हैं। गैस एजेंसियों पर रोज भीड़भाड़ देखी जा रही है।

### जयस्तंभ पर सड़कों का भूमिपूजन आज

**विदिशा।** बजेरिया स्थित जयस्तंभ पर सोमवार दोपहर 1 बजे विधायक निधि से दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 16 में पेढ़ी चौराह से कार्तिक चौक होते हुए धर्म अधिकारी चौक तक डामरीकरण होगा। वहीं दूसरे कार्य में वार्ड 14 एवं 16 अंतर्गत बजरिया चौक से इमामबाड़ा तक सड़क निर्माण किया जाएगा।

### शिविर में 750 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

**विदिशा।** श्री हरिवंश हितकारिणी संगठन के माध्यम से शहर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दोपहर तक 750 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य जांच कराई। कई जांचें निःशुल्क की गईं, जबकि कुछ जांचों में 50 प्रतिशत तक की रियायत दी गई।

### भावविभोर हुए श्रद्धालु

**लटेरी।** लटेरी के ग्राम झूकर जोगी स्थित पीर बाबा स्थल पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण रहा। कथावाचक डॉ. अमृता करुणेश्वरी जी ने ध्रुव के अटूट संकल्प और प्रहलाद की अडिग भक्ति का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि दृढ़ निश्चय से भाग्य भी बदला जा सकता है और सच्ची भक्ति विपत्तियों में भी अडिग रहती है।

### मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने बनाई 5 सदस्यीय समिति, सरकार पर दबाव बनाने की रणनीति

# सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से जुड़े विवादित मुद्दों को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। संघ ने सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है।

इस संबंध में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने कुलदीप सिंह गुर्जर से मुलाकात कर वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समय लेकर इस विषय पर सार्थक पहल की जाएगी। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र सिंह से भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने तत्काल 5 सदस्यीय समिति का गठन करते हुए सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने के निर्देश दिए। समिति में निरंजन सिंह घुरैया (संयोजक), अशोक दीपिका, जितेन्द्र शाक्य और नारायण चतुर्वेदी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

संघ ने स्पष्ट किया है कि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि इस प्रक्रिया में शिक्षकों से किसी प्रकार की अनिवार्य धनराशि नहीं ली जाएगी, केवल स्वैच्छिक सहयोग ही स्वीकार होगा। बैठक में निरंजन सिंह घुरैया, जितेन्द्र यादव और आलोक कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### रिसॉर्ट में मधुमेह संगोष्ठी का आयोजन हुआ

**विदिशा।** मगधम रिसॉर्ट में मधुमेह विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेषज्ञों के साथ मधुमेह के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करना तथा 3-4 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत करना रहा। इंदौर से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने मोटापा व मधुमेह की जटिलताओं पर प्रकाश डाला, वहीं भोपाल के डॉ. संजीव गुलाटी ने बीटा कोशिकाओं के संरक्षण हेतु नई उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। डॉ सचिन गुप्ता ने जीवनशैली सुधार पर जोर दिया तथा डॉ सुयश गुप्ता ने नई दवाओं के उपयोग पर चर्चा की।

### नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष के न आने से पीएम अटका

**विदिशा।** करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलखेड़ा में रहने वाली नवविवाहिता पायल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति शैतान सिंह उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शैतान सिंह के अनुसार पायल की तबीयत खराब होने पर पहले विदिशा के एक डॉक्टर को दिखाया गया था, इसके बाद हालत बिगड़ने पर गांव के चिकित्सक से दवा ली, लेकिन सुधार नहीं हुआ और स्थिति और गंभीर हो गई। नवविवाहिता की मौत के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है, क्योंकि मायके पक्ष के परिजनों की उपस्थिति जरूरी बताई जा रही है। परिजनों ने आने से इनकार कर दिया है, जिससे कार्रवाई अटकी हुई है। पुलिस जांच में जुटी है।

### महिलाओं ने गणगौर पर निकाला भव्य चल समारोह...



**विदिशा।** माहेश्वरी महिला मंडल ने गणगौर पर्व पर विशाल चल समारोह निकाला। बालबिहार से शुरू होकर यह नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नंदवाना स्थित माहेश्वरी धर्मशाला पहुंचा। महिलाओं ने भजनों पर नृत्य कर उत्साह दिखाया। जगह-जगह स्वागत हुआ, बग्गी पर सजी गणगौर आकर्षण का केंद्र रही।

### ग्राउंड नहीं तो वोट नहीं: क्रिकेट लीग बनी युवाओं के आक्रोश का मंच

**नटेरन।** नटेरन में आयोजित एक दिवसीय घरेलू क्रिकेट लीग खेल प्रतियोगिता से आगे बढ़कर युवाओं के आक्रोश का मंच बन गई। क्षेत्रभर से जुटे खिलाड़ियों ने खेल मैदान की कमी पर नाराजगी जताते हुए आगामी चुनाव में बहिष्कार का संकल्प लिया। खिलाड़ियों का कहना है कि सरकारी दावों के बावजूद वे आज भी खलिहानों में खेल खेलने को मजबूर हैं, जबकि मैदान निर्माण के लिए 1.5 करोड़ की राशि स्वीकृत होने के बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। युवाओं ने चेतावनी दी कि यदि पांच वर्षों में मैदान नहीं बना तो वे मतदान का बहिष्कार करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। साथ ही उन्होंने मांग रखी कि मैदान गांव के पास ही बनाया जाए। दूर या अनुपयोगी स्थान पर निर्माण होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई। खिलाड़ियों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कर समयसीमा में पूरा करने की मांग की है।

# खनिज विभाग में पदस्थ कर्मचारी के घर में दिनदहाड़े तोड़फोड़ की, जांच में जुटी पुलिस

### सुनियोजित तरीके से मकान की दीवारें, टीनशेड और सामान में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला एक सनसनीखेज मामला रविवार को उस समय सामने आया जब दिनदहाड़े दबंगों ने एक मकान में घुसकर उसे तोड़ने का प्रयास किया।

घटना स्वामी विवेकानंद चौराह की बताई जा रही है। करीब 8 से 10 लोगों ने मिलकर तहसील परिसर के पास स्थित धीरेंद्र चिड़ार के मकान पर हमला बोला। पति-पत्नी को घर से बाहर निकाला और हथौड़ों (घन) से मकान तोड़ना शुरू कर दिया। घर की दीवारें, गेट, टीनशेड और अंदर रखा सामान बुरी तरह



तोड़ दिया गया। खनिज विभाग में पदस्थ पीड़ित धीरेंद्र चिड़ार ने बताया कि कुछ राजनीतिक रसूख वाले दबंग जमीन और मकान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। यह विवाद नहर की जमीन को लेकर काफी समय से चल रहा है। घटना के दौरान आरोपी घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी साथ ले गए, जिससे सबूत मिटाने की कोशिश की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी आनंद राज का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# साकेत एमजीएम स्कूल में किड्स फेस्ट का समापन

**विदिशा।** साकेत एमजीएम विद्यालय में आयोजित 30 दिवसीय मनोरम किड्स फेस्ट का समापन समारोह 22 मार्च 2026 को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

एक माह तक चले इस प्रशिक्षण सत्र में लगभग 300 विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो, नृत्य, संगीत, नाटक, वादन, इंग्लिश स्पोकन और चित्रकला सहित क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, शतरंज व बैडमिंटन जैसे खेलों का अभ्यास किया। समापन समारोह में 24 आकर्षक मंचीय प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें योग, आत्मरक्षा, भजन, दुर्गा स्त्रोत, चार युग नाटक व मूक



अभिनय विशेष रहे। चित्रकला प्रदर्शनी और लाइव पेंटिंग ने भी दर्शकों को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्री जाटव ने एकाग्रता व योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम में चेयरमैन अतुल शाह, प्राचार्य बिभास रंजन पाल सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### गुलाबगंज में दांगी समाज का युवा मिलन समारोह आयोजित किया

# एकता और सशक्तीकरण पर जोर दिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुलाबगंज में दांगी क्षत्रीय युवा महासंघ के तत्वावधान में युवा मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष दीपक दांगी ने किया। जिलेभर से सैकड़ों युवा, वरिष्ठजन एवं महिलाओं ने भाग लेकर समाज की एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रवि दांगी ने युवाओं को शिक्षा, कौशल और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी ने समाज में एकता, सहयोग और आर्थिक सशक्तीकरण पर जोर देते हुए युवाओं को शिक्षा एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। युवा समाजसेवी अविराज सिंह ने बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि संस्कारित समाज के निर्माण के लिए बेटों को भी महिलाओं के प्रति सम्मान सिखाना जरूरी है। बबीता जगदीश दांगी ने संगठन और वरिष्ठों के मार्गदर्शन को समाज की उन्नति के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन विनीत सिंह दांगी ने किया।

### रेलवे स्टेशन पर जल सेवा का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर सार्वजनिक भोजनालय समिति ने रेलवे स्टेशन पर 43वें ग्रीष्मकालीन जल सेवा प्रकल्प का शुभारंभ किया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, डॉ. मीना भरत अग्रवाल व पूर्व नपा अध्यक्ष ज्योति शाह मौजूद रहीं। अतिथियों का सम्मान समिति अध्यक्ष अशोक कोठारी ने किया। वक्ताओं ने जल संरक्षण व सेवा कार्यों की सराहना की। संचालन अतुल शाह ने किया। आभार बलवीर सिंह रघुवंशी ने माना। अंत में पंजाब मेल के यात्रियों को शीतल जल पिलाकर सेवा कार्य शुरु किया गया।

# रग्बी फुटबॉल टीम चयन में गुलाबगंज का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा सागर रोड स्थित बेतवांचल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में जिला स्तरीय जूनियर एवं सीनियर बालक-बालिका रग्बी फुटबॉल चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में जिलेभर से 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में गुलाबगंज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विदिशा की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार जूनियर बालिका वर्ग में भी गुलाबगंज ने जीत हासिल की और विदिशा उपविजेता रही। सीनियर



बालक वर्ग में भी गुलाबगंज ने अपना दबदबा बनाए रखते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि विदिशा को उपविजेता स्थान से संतोष करना पड़ा। चयन ट्रायल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी 4 से 6 अप्रैल तक भोपाल स्थित एलएनसीटी सिटी में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष शशांक शर्मा, जिला ओलंपिक संघ के सचिव एवं कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह थापा, जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, सचिव गोपाल कुशवाह, सहसचिव लक्ष्मी नारायण कुशवाह, उपाध्यक्ष मयूर भार्गव एवं सतीश रैकवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में रेफरी एवं निर्णायक की भूमिका विकास उमरे, प्रशांत रघुवंशी और अर्पित लोधी ने निभाई।

# भगवान मीनेष की शोभायात्रा निकाली

- समाज को शिक्षा और रोजगार से जुड़ने का संदेश दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को मीणा समाज द्वारा इष्ट देव भगवान मीनेष की जयंती धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

बेतवा नदी स्थित श्रीराम जानकी ट्रस्ट मंदिर में पूजा-अर्चना, प्रसादी वितरण एवं सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सूर्यप्रकाश मीणा सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। विधायक ने समाज को शिक्षा और रोजगार से जुड़ने का संदेश दिया।



जहां से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो रामलीला चौराहा, लोहा बाजार, बड़ा बाजार, तिलक चौक, कोतवाली और माधवगंज होते हुए वापस धर्मशाला पहुंची। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं और भक्ति गीतों पर मनमोहक प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होकर उत्सव को भव्यता प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### मातृशक्ति घर-घर जाकर देंगी आमंत्रण



**गंजबासौदा।** श्रीरामनवमी के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले चल समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को रघुवंशी धर्मशाला में रघुवंशी समाज की मातृशक्ति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें उपस्थित रहीं और शोभायात्रा को भव्य एवं अनुशासित बनाने हेतु अपने सुझाव साझा किए। बैठक में बहनों से आग्रह किया गया कि वे पीले अथवा नारंगी वस्त्र धारण कर कार्यक्रम में शामिल हों, जिससे आयोजन की एकरूपता और भव्यता बढ़े। साथ ही बच्चों को पारंपरिक वेशभूषा में लाने का भी आह्वान किया गया, ताकि सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिले। महिला संघ द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि सोमवार से घर-घर जाकर माताओं एवं बहनों को आमंत्रित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक समाजजन इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता कर सकें। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने सभी बहिनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर शोभायात्रा को सफल बनाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति की भागीदारी से ही ऐसे आयोजन सशक्त और प्रेरणादायी बनते हैं। बैठक के दौरान सामाजिक कुरीतियों पर भी गंभीर चर्चा हुई। विधायक रघुवंशी ने कहा कि शादी-विवाह जैसे आयोजनों में महिला संगीत एवं अन्य कार्यक्रम मर्यादित और संस्कारित होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अशोभनीय एवं दिखावटी आयोजनों से समाज में गलत संदेश जाता है, जो धीरे-धीरे कुप्रथा का रूप ले लेते हैं। ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने के लिए महिलाओं को स्वयं आगे आना होगा।

# वार्ड 13 में राकेश खंडेलवाल का घर बना स्वच्छता में नंबर वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में वार्ड क्रमांक 13 के निवासी राकेश खंडेलवाल के घर को स्वच्छ घर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके निरंतर स्वच्छता प्रयासों और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राकेश खंडेलवाल पूर्व में भी स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।



उन्होंने शहर में डस्टबिन वितरण कर लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया, साथ ही पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के लिए थैले बैग वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके इन प्रयासों ने नगरवासियों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 13 शुभम रघुवंशी, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, मनोज गुप्ता, रामबाबू श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह ठाकुर, मयंक टांक, विमल जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम की भी विशेष सहभागिता रही। उन्होंने नगर की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए जनसहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए किचन वेस्ट मैनेजमेंट एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों को लगातार चलाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नगरवासियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर का निर्माण करना है। राकेश खंडेलवाल निश्चित ही नगर के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

# शॉर्ट सर्किट के चलते विद्युत खंभे के बॉक्स में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को नेहरू चौक क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से विद्युत खंभे के बॉक्स में आग लग गई। आग लगने की इस घटना में विद्युत मंडल कर्मचारियों की सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि केबलों के लिए लगाए गए बॉक्स को खुला छोड़ दिया जाता है। बॉक्स खुला होने के कारण गिलहरियों ने वहां अपना घोंसला बना लिया, जिससे यह घटना घटित हो गई है। जागरुक नागरिकों, विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से विद्युत खंभों पर लगे बॉक्स को बंद करने की मांग की है।

### अग्रवाल, मित्तल, माहेश्वरी, राजपूत और मेढ़ क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा

# नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में गणगौर महोत्सव पर निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों में गणगौर पर्व पर आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। अग्रवाल, मित्तल, माहेश्वरी, राजपूत और मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गणगौर माता की शोभा यात्राएं निकालीं। महिलाएं माता गणगौर को पूरे श्रृंगार के साथ शाम को शीतला शक्तिधाम प्रांगण में लेकर पहुंची। जहां पूजन अर्चन कर, मंगल गीत गाकर, झाले दिये, फिर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। रास्ते पर महिलाओं और युवतियों ने मंगल गीत गाकर, रास्ते भर नृत्य किए। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। महिलाओं ने माता पार्वती और भगवान शंकर की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की।

उधर पंडापुरा से गणगौर का पारंपरिक चल समारोह पचमा रोड स्थित गणगौर वाले बाग के लिए निकाला गया। जिसमें महिलाएं हाथ ठेला में गणगौर माता की विशाल प्रतिमा रखकर चल रही थीं। छोटी छोटी बच्चियों ने भी उत्साह से भाग लिया। भजन और गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। समापन पर भगवान ईशर और माता पार्वती की विशेष पूजा की गई। महिलाओं ने पारंपरिक गीत-संगीत और भजन-कीर्तन के साथ नगर भ्रमण किया। भगवान शिव और माता पार्वती के मंगलमय जीवन की कामना की गई। महिलाएं रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्रों में शामिल हुईं। बैंड-बाजों की धुन पर अलग-अलग मंडलियों में युवतियों और महिलाओं ने जमकर नृत्य कर धार्मिक वातावरण बना दिया, इस दौरान गणगौर माता की स्तुति की गई। वहां महिलाओं ने गणगौर माता को जल अर्पित कर अखंड सौभाग्य की कामना की। इस अवसर पर गणगौर वाले बाग में परंपरानुसार मेले का भी आयोजन किया गया।






वहीं मसूदपुर जागीरदार परिवार द्वारा गणगौर भगवान की सवारी बड़ी धूमधाम से निकली। गणगौर गौरा पार्वती का स्वरूप का प्रतिवर्ष की तरह यहां एक विशाल मेले का भी आयोजन किया गया। गणगौर भगवान की पूजा करने के बाद यहां पर चल समारोह निकाला गया। जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में दर्शनाभिलाषी एवं धर्म प्रेमीबंधु उपस्थित रहे। चल समारोह हवेली से निकलकर गणगौर बाग की ओर रवाना हुआ, लोगों ने फूलों से जगह-जगह स्वागत किया। इस दौरान लगभग एक किलोमीटर लंबी लाइन थी जिसमें महिलाएं भगवान गणगौर के पीछे चल रही थी महिलाओं के पीछे पुरुषों की लंबी लाइन थी। मेला एवं चल समारोह में पुलिस का सराहनीय सहयोग रहा। उन्होंने चल समारोह एवं मेले की कमान व्यवस्थित ढंग से संभाली। वहीं ग्राम फूफैर में भी गणगौर माता की शोभायात्रा निकाली गई।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को सुबह के समय विशंभरा कॉलोनी निवासी धनपाल लोधी उम्र 38 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। इस दौरान परिवारजनों द्वारा युवक की मौत को लेकर हंगामा किया गया। जिसके बाद तहसीलदार अरविंद यादव, शहर थाना प्रभारी संजय बेदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाईश दी। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय जनचिकित्सालय भेजा गया है। उक्त मामले में परिवारजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है ताकि आत्महत्या के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

# पाठक संघ ने विश्व जल दिवस मनाया




**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में विश्व जल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व जल दिवस प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मीठे पानी पर ध्यान केंद्र करना, लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और जल संसाधनों की सतत प्रबंधन के लिए प्रेरित करना, जल ही जीवन है जहां पानी होता है वहां जीवन होता है। पूरे ब्रह्मांड में जल केवल पृथ्वी पर ही पाया जाता है हमें इसका सम्मान करना चाहिए ना कि इसको व्यर्थ बर्बाद करना चाहिए। जल मनुष्य, जानवर, पेड़ पौधे कल कारखानों में सभी के जीवन में जल का उपयोग होता है। जल उपयोगिता एवं जल की बचत हेतु सभी सदस्यों को संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल हमारे जीवन का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है जल के बिना जीवन संभव है।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने गुड़ी पड़वा पर बांटी मिठाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने भारतीय नववर्ष नव संवत्सर गुडी पड़वा, ईदुलफितर, चैतीचांद के अवसर पर प्रतिभावान बच्चों एवं ग्रामीणजन को नवीन वस्त्र, मिठाईयां वितरण कर खुशियां बांटी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मंदिर के मुख्य पुजारी बालाराम महाराज ने कहा कि आज समाज को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जैसे राष्ट्रवादी संगठनों की जरूरत है जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता को जोड़कर भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवादी विचारधारा पर आम जन को चलने प्रेरित करते हैं।

मंच के गौ सेवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया संगठन द्वारा हर साल भारतीय नववर्ष , ईदुलफितर, ईद मिलाद उन नबी, मुहर्रम, विजयादशमी-दीपावली सहित विभिन्न पर्व त्यौहारो पर नवीन वस्त्र, मिठाईयां , सहित गरीब परिवारों को रोजमर्रा की जरूरत का सामान सहित प्रतिभावान बच्चों को शैक्षणिक सामग्री सहित बालिकाओं की पढ़ाई मे मदद, पौधारोपण, गौ माता की सेवा व संरक्षण संवर्धन के लिए गौ दुग्ध पार्टी, नशा मुक्त भारत अभियान व अन्य जन जागरण अभियान चला रहा है। इस मौके पर उन्होने मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार का आभार व्यक्त किया जो मुस्लिम नौजवानों को संगठन के माध्यम से एक नई राह पर ले जा रहे हैं जिससे समाजिक समरसता का वातावरण निर्माण बनकर भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा मे बढ़ रहा है। कार्यक्रम को सोना देवी पंथी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में कोई संगठन ध्यान नहीं देता सभी लोग शहरी क्षेत्र में ही समाजसेवा के कार्यक्रम आयोजित कर अपनी पीठ थपथपा लेते हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरण की अधिक आवश्यकता है। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# भक्तमाल कथा, भगवान से मिलन का मार्ग है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भक्तमाल वह दिव्य ग्रंथ है, जो जीव को उसके वास्तविक स्वरूप का बोध कराता है और उसे भगवान के चरणों तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है। यह केवल कथा नहीं, बल्कि आत्मा को प्रभु से जोड़ने का सेतु है। भक्तमाल केवल कथा नहीं, यह तो भगवान से मिलन का साक्षात मार्ग है। जो इसे श्रद्धा से सुनता है, उसके जीवन में भक्ति स्वयं जागृत हो जाती है। जब भगवान किसी जीव पर प्रसन्न होते हैं, तभी उसे सत्संग और संतों के चरणों में बैठने का अवसर मिलता है।

वेत्रवती तट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान जगन्नाथ जी एवं प्रभु सीताराम के द्वितीय पाटोत्सव के मौके पर आयोजित हो रही श्री भक्तमाल कथा के द्वितीय दिवस पर वृंदावन से पधारे भागवताचार्य ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने अमृतमयी वाणी प्रवाहित कर भक्तमाल की



महिमा का वर्णन करते हुए व्यक्त किए। कथा के दूसरे दिवस के यजमान विजय सिंह रघुवंशी ने सपत्नीक व्यास पूजन कर कथा की आरती की। कथा के पहले सुबह के सत्र में शिवलिंग निर्माण और शिवाभिषेक में यजमान राजकुमार गौंड, योगेश शर्मा, शिक्षक महेंद्र सिंह रघुवंशी एवं भानु सिंह ठाकुर ने सपत्नी पूजन में भाग लिया। रविवार को श्रद्धालुओं द्वारा 61 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण हुआ। नौलखी के महंत राम मनोहर दास के सानिध्य में नगर में पहली बार वेत्रवती तट स्थित श्री नौलखी तपोवन आश्रम में आयोजित हो रही श्री भक्तमाल कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि हर ओर केवल भक्ति, प्रेम और समर्पण का ही वातावरण दिखाई दिया। भक्तमाल कथा ने नगर के वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया है। उन्होंने समझाया कि भक्तमाल केवल कथा नहीं, यह तो भक्त और भगवान के बीच का प्रेम-संबंध है, जो जीव को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराता है।

### नदी घाट पर अनुशासन पर दिया जोर, आमजन से सफाई की अपील

# श्रमदान दल का 24 वां साप्ताहिक श्रमदान चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व जल दिवस के अवसर पर श्रमदान दल द्वारा संचालित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 24वां चरण सम्पन्न हुआ। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चले नदी जल स्वच्छता अभियान में दल के सदस्यों ने नदी के घाटों एवं प्रवाह क्षेत्र से घाट किनारे फैले कचरे एकत्रित कर साफ-सफाई की। साथ ही साथ प्रवाह क्षेत्र में विसर्जित की गई सामग्री को भी नदी के तलहटी से हटाने का कार्य किया।

इस दौरान लगभग दो ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया। श्रमदान दल द्वारा पिछले लगभग 5 वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से अब तक 50 टन से अधिक कचरा नदी से बाहर निकाला जा चुका है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और पर्यावरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। अभियान के दौरान एक संवेदनशील



स्थिति भी देखने को मिली, जब दशा कर्म एवं पूजन विधान हेतु पहुंचे एक शोकाकुल परिवार के परिजनों से श्रमदान दल के सदस्यों ने विनम्रतापूर्वक हाथ जोड़कर निवेदन किया कि मुंडन संस्कार के लिए घाट पर निर्धारित चबूतरों का ही उपयोग किया जाए। जहां अधिकांश जागरूक परिजनों ने इस अनुरोध को सहर्ष स्वीकार किया, वहीं कुछ अड़ियल प्रवृत्ति के व्यक्तियों ने प्रारंभ में किनारे पर ही मुंडन कराने की जिद की, किन्तु श्रमदान दल के सदस्यों के धैर्यपूर्ण व्यवहार, समझाइश से अंततः संस्कार निर्धारित स्थान पर ही सम्पन्न हुआ। श्रमदान दल के सदस्यों ने कहा कि नदी घाट कोई कचरा स्थल या अनियमित गतिविधियों का स्थान नहीं है।

धार्मिक और सामाजिक आयोजनों की आड़ में नदी को प्रदूषित करना न केवल पर्यावरण के साथ अन्याय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों का भी हनन है। बेशक हम अपनी परंपराओं का निर्वहन करें, लेकिन वह प्रकृति के संरक्षण के साथ होना चाहिए, न कि उसके विनाश के साथ। श्रमदान दल ने प्रशासन से आग्रह किया है कि घाटों पर निर्धारित स्थानों के उपयोग को सुनिश्चित करने, स्वच्छता नियमों का सख्ती से पालन कराने तथा अनियमित गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। साथ ही घाटों पर स्पष्ट सूचना पट्ट का लेखन, जागरूकता अभियान और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे आमजन को नियमों की जानकारी और पालन में सुविधा मिल सके। नदी केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की आधारशिला है। जिस नदी के जल से हम जीवन पाते हैं, उसी में कचरा डालकर हम उसके अस्तित्व को संकट में डाल रहे हैं। श्रमदान दल सभी नागरिकों से विनम्र निवेदन करता है कि कृपया नदियों को कचरा स्थल न बनाएं। पूजन सामग्री, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट जल में प्रवाहित न करें।

# वार्ड क्रमांक तीन व चार में की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य एवं सफाई शाखा के कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्था फीडबैक फाउंडेशन की टीम के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 3 और 4 के मध्य आने वाली नानाजी वाली गली की सेकंड लैन बैक लैन जो कि कचरे के ढेर एवं गंदगी से भरी हुई पड़ी थी। इसकी साफ सफाई का अभियान चलाया गया।

यह आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देशन में शहर की स्वच्छता के प्रयासों में से एक बैक लैन की साफ सफाई एवं उसका सौंदर्यीकरण कार्यक्रम के तहत रखा गया। बैकलैन की स्वच्छता से पहले टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर आग्रह अनुरोध के साथ शहर की स्वच्छता में सहयोग मांगा तथा बैकलैन में दोबारा कचरा ना आए इसके लिए लोगों को समझाइश दी गई। तत्पश्चात उसमें झाड़ू लगाकर कचरा हटाया गया उसके बाद उसकी धुलाई करते हुए अनाउंस कर सड़क में घरों के गन्दे पानी की निकासी की खुली पाइप लाइन को नालियों से कनेक्ट करने एवं उनके द्वारा फेंकी जाने वाली गंदगी व कचरे को नगर पालिका की स्वच्छता गाड़ी में डालने के लिए कहा गया। गली की सुंदरता का तीन दिवसीय प्रोग्राम बना। पहले दिन साफ सफाई, दूसरे दिन रंग रोगन व रंगोली कार्यक्रम, तीसरे दिन गमले में पौधारोपण का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ। इस आयोजन में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद सौदान सिंह यादव, फीडबैक फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर भरत कांत द्विवेदी एवं उनकी टीम से शिवम मिश्रा, ऋतिक नामदेव, शिवम नामदेव, मानसी, संजना तथा वार्ड के सफाई दरोगा संतोष, मेट देवेंद्र एवं उनकी टीम तथा जल सप्लाई से दीपक आदि की प्रमुख सहभागिता रही।

### पचमा बायपास क्षेत्र में कुत्तों का आतंक

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर दर्जनभर आवारा कुत्ते अपना डेरा जमाए रहते हैं, जो आए दिन यहां से गुजरने वाले पैदल राहगीर, दो पहिया वाहन चालक और चार पहिया वाहनों पर झपट कर हमला कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचमा बायपास मार्ग पर मुख्य मार्ग से लेकर सार्वजनिक शौचालय के बीच गलियों में दर्जन भर आवारा कुत्ते विचरण करते रहते हैं जो झुण्ड के रुप में रहते हैं। जैसे ही उन्हे कोई खाद्य सामग्री दिखाई देती है वह झपट पड़ते हैं। कुत्तों का झुण्ड रात्रि होते ही सक्रिय हो जाता है जैसे ही दो पहिया, चार पहिया वाहन को आता देखते हैं वैसे ही आगे एवं पीछे से कुत्ते झुण्ड के रुप में पीछे पड़ जाते हैं। इस दौरान कई वाहन चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। यहां के रहवासियों ने नगरपालिका अमला से इन आवारा कुत्तों को पकड़कर नगर से बाहर करने की मांग की है। जिससे दुकानदारों, राहगीरों, रहवासियों, वाहन चालकों को परेशानी से निजात मिल सके।

क्षीरधारा योजना के प्रथम चरण में जिले के 52 ग्राम चयनित, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर रहेगा विशेष फोकस

# जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना पहली प्राथमिकता: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना पहली प्राथमिकता है। इसके क्रियान्वयन के लिए सभी प्राथमिकता के साथ कार्य करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित "क्षीर धारा योजना" के अंतर्गत जिले के 52 ग्रामों का चयन किया गया है। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार इस योजना के माध्यम से चयनित ग्रामों को विकसित कर "क्षीर धारा ग्राम" के रूप में स्थापित किया गया है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत जिले के 52 चयनित ग्रामों में पशुओं की नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना, संतुलित पशु आहार एवं पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही पशुपालकों को आधुनिक दुग्ध उत्पादन तकनीकों से अवगत कराते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि हो सके। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर दुग्ध उत्पादन बढ़ाना तथा पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित किया जाएगा।

योजना के अंतर्गत जिले के सभी 52 ग्रामों को चरणबद्ध तरीके से आगामी 3 वर्षों में "क्षीर धारा ग्राम" के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपलब्धि के आधार पर ग्रामों का वर्गीकरण किया जाएगा, जिसमें 70 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि वाले ग्रामों को प्रथम श्रेणी, 50 से 70 प्रतिशत उपलब्धि वाले ग्रामों को द्वितीय श्रेणी तथा 50 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले ग्रामों को तृतीय श्रेणी में रखा जाएगा।

प्रथम वर्ष की कार्य योजना में चयनित ग्रामों में पशुओं का उच्च नस्ल से गर्भधारण, शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं ट्रैगिंग का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। उच्च नस्ल से गर्भधारण के लक्ष्य हेतु निकृष्ट सांडो का बधियाकरण, बॉझ निवारण शिविरों का आयोजन किया जाए। हरे चारे के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही चारा बीज की मिनीकिट भी वितरित की जाएगी।

पशुपालन विभाग द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस योजना से जिले में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होने के साथ ही पशुपालकों की आय में सुधार होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# स्वर्ण भारत सम्मान 2026 व भक्ताम्बर वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड से सम्मानित हुए हुंडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी को देश भर की दिगम्बर जैन समाज ने स्वर्ण भारत सम्मान 2026 व भक्ताम्बर वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड से सम्मानित किया। यह प्रमाण पत्र हार्दिक हुंडिया को भक्तामर कलश तीर्थ, भांडगांव में आयोजित 1008 श्रीमद् जिनेन्द्र पंचमेरु मानस्तंभ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के सफल आयोजन में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं सहयोग के लिए प्रदान किया जाता है। भक्तामर के प्रति इनकी श्रद्धा एवं जैन धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत के प्रचार-प्रसार में इनके योगदान की हार्दिक सराहना की जाती है। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने हार्दिक हुंडिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वही उन्होने कहा कि हार्दिक हुंडिया ने सकारात्मक सोच यही मूल मंत्र को जीवन में अपनाया है। विश्व के प्रथम क्रमांक के भारतीय हीरा उद्योग की तटस्थ खबरों को हीरा माणेक अखबार मैं सत्य को सम्मान और अन्याय के खिलाफ आवाज़ के मंत्र को जीवन के साथ जोड़कर कलम से लेखनी लिखीं है। भारतीय हीरा व्यापारी और रत्न कलाकारों को और उद्योग को वैश्विक रूप से उन्हें नई पहचान मिले उसके लिए उन्होंने इंटरनेशनल डायमंड डे को 12 अगस्त के दिन मनोनीत करने के लिए इंटरनेशनल डायमंड डे की स्थापना की है। अबोल जीवों के लिए और खास करके कबूतरो को फिर से दाना पानी और बसेरा मिले उसके लिए जन कल्याण पार्टी के वे राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनीत हुए हैं।

## हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी ने किए हार्दिक हुंडिया से प्रश्न -

**प्रश्न-1** अपने बचपन के बारे में बताएं और आपने शिक्षा कहां से प्राप्त की।

**हार्दिक हुडींया** - मैं और मेरा परिवार मूल रूप से राजस्थान के जालौर शहर से है। परंतु मेरा बचपन गुजरात के डीसा शहर में बीता। जैन कुल में मेरा जन्म हुआ है। पिता सोहन लाल हुंडियां माता बक्षुबेन दोनों परम धर्म प्रेमी और जैन धर्म के नियमों के अनुसार चलने वाले मेरे माता पिता ने बचपन से ही मुझ.में पवित्र जैन धर्म के संस्कारों का सिंचन करके बड़ा किया। घर में भी पवित्र वातावरण मिला। कभी भी जमीन कंद या किसी भी प्रकार के जमीन में उगे हुए पदार्थ खाए नहीं और किसी भी प्रकार के व्यसन को जीवन में स्थान दिया नहीं। मेरी पढ़ाई डीसा में दोशी एन.जे.आदर्श हाइस्कूल और डीसा की एस . सी डबल्यू हाइस्कूल में हुई। पढ़ाई खत्म होते ही पिताजी ने मुंबई में मेरे काका सुमेर भाई हुंडिया के पास हीरो का कारोबार सीखने के लिए भेजा, और इस तरह मातृभूमि डीसा से माया नगरी मुंबई शहर की ओर जीवन का अगला अध्याय शुरू हुआ।

**प्रश्न -2** अब तक का सफर कैसा रहा और किस किस मोड़ से गुज़र ने के बाद अभी तक यह मुकाम पाया है।

**हार्दिक हुंडिया**- जैसे कि मैंने बताया कि पढ़ाई पूरी हो गई तो पिताजी ने मुझे मुंबई मेरे काका के पास हीरा उद्योग से जुड़ने के लिए भेजा मेरे काका सुमेर भाई हीरा उद्योग से जुड़े थे मैं भी उनके साथ हीरे का काम सीखने में जुड़ गया। नया शहर था नए-नए दोस्त मिलते गए और मुझे मुंबई रास आने लगी। ऊंची कद काठी और आकर्षक व्यक्तित्व के साथ सुंदर चेहरा मेरे इस व्यक्तित्व को देखकर दोस्तों ने कहा कि मुझे फिल्म लाइन में अपनी किस्मत आज़मानी चाहिए। हीरे का काम सीख रहा था परंतु दिमाग में हीरो बनने का ख्याल ज्यादा सवार होने लगा। उन दिनों में एक्टिंग सिखाने के लिए नमित किशोर कपूर का नाम लोकप्रिय था। मैंने भी एक्टिंग के क्लास ज्वाइन करके एक्टिंग सीखी। मुझे एक और लावारिस फिल्म में बतौर हीरो का ऑफर भी आ गया।

**प्रश्न-3** आपको स्वयं का अखबार प्रकाशित करने की प्रेरणा कहां से मिली और आपकी प्रेरणा मूर्ति कौन हैं।

**हार्दिक हुंडिया**- मेरे अंतरात्मा की पुकार, मेरी जन्मभूमि की मिट्टी से प्रणाम करके जब कर्म भूमि मुंबई में कदम रखा तब जीवन के उतार-चढ़ाव के पायदान पर कदम रखने का समय शुरू हो गया था। यह माया नगरी अपनी गोद में सबको समा लेती है पर बशर्ते उस व्यक्ति में पुरुषार्थ के गुण होने चाहिए। मुझे पिताजी ने बचपन से ही मेहनत के पाठ पढ़ाए थे इसलिए काका के साथ हीरा उद्योग में जुड़ा। वहां से किस्मत अजमाने फिल्म लाइन में भी गया, रेडीमेड शर्ट का कारोबार भी किया, जीवन की हर सुबह मुझे एक नए इंम्तहान देने के लिए उठाती थी।

**प्रश्न-4** इस कथन पर आपके क्या विचार है कि सेवा अब सेवा ना होकर एक व्यवसाय बन गया है।

**हार्दिक हुडींया** - अक्सर कहा गया है कि पूण्य का कोई भी कार्य करो तो एक हाथ से करो तो दूसरे हाथ को पता भी नहीं चलना चाहिए। सेवा के काम का कभी भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए। धर्म के लिए मेरे विचार यह है कि धर्म में आडंबर नहीं करना चाहिए और सबसे बड़ी बात धर्म के नाम पर धंधा नहीं करना चाहिए। धर्म अंगीकार किया है, साधु वेश अपनाया है फिर आपको सांसारिक प्रवृत्ति में रुचि नहीं लेनी चाहिए और धर्म की आड़ में दुराचार अगर कोई करता है तो मैं उसका सख्त रूप से विरोध करता हूं। अगर कोई धर्म की आड़ में गलत काम करता है तो समाज के सामने मैं उसे उजागर करता हूं।

# मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज के सानिध्य में महावीर जंयती की तैयारी शुरू

## पचखनी जैन मंदिर में भगवान के माता-पिता का हुआ सम्मान



**सिरोंज**। नगर में विराजमान मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज के सांदिध्य व निर्देशन में महावीर जंयती भव्य तैयारिया प्रांरभ की जा चुकी है। वही इसका शंखनाद दिगम्बर जैन पचखनी मंदिर से प्रांरभ हुआ। वही रविवार मुनि श्री जी ने अभिषेक,शांति धारा के पश्चात शांति विधान सम्पन्न हुआ। भगवान महावीर स्वामी के जन्म उत्सव पर भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य श्रीमति शोभा धमेन्द्र जैन प्याराखेडी को प्राप्त हुआ। माता-पिता बनने के बाद अन्य रसमें प्रारंभ की गई। जिसमें मंहगी,उगटन,गोद भराई के अलावा समाजजनो द्वारा भगवान के माता पिता का घर-घर आगमन किया जा रहा है। भगवान का गोद भराई कार्यक्रम नगर के पांचो जैन मंदिरो में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुनि श्री 108 निरंजन सागर महाराज ने कहा कि कोई भी अच्छे कार्य का प्रांरभ अच्छे स्थान से किया जाना चाहिए। दिगम्बर जैन पचखनी जैन मंदिर से प्रारंभ करने के लिए इस मंदिर में चमत्कार व वैभव मिलता है। वही उन्होने कहा कि भगवान महावीर ने अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया। यह दिन सभी जीवों के प्रति दया, करुणा और अहिंसा का पालन करने की याद दिलाता है। महावीर स्वामी की शिक्षाएं, जैसे सत्य बोलना, चोरी न करना, और ब्रह्मचर्य का पालन करना, समाज को एक नैतिक और पवित्र मार्ग दिखाती हैं। यह भौतिकवादी दुनिया में अनावश्यक वस्तुओं के संग्रह से बचने और संतोषी जीवन जीने का महत्व सिखाता है, जो मानसिक शांति के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर जैन मंदिरों में भव्य आयोजन होते हैं और लोग गरीब व जरूरतमंदों को भोजन कराकर निस्वार्थ सेवा का भाव दर्शाते हैं।

# सर्वाधिक कार्यकाल का रिकार्ड बनाने पर पीएम मोदी को पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के पदों पर रहते हुए सरकार के प्रमुख के रूप में सर्वाधिक 8931 दिवस पूरे कर रिकार्ड बनाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी देश ही नहीं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं जो इसका भी प्रमाण हैं कि एक गरीब परिवार में जन्मे साधारण भाजपा कार्यकर्ता हे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पदों पर सेवा करते हुए उन्होंने देश को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सर्वाधिक समय तक कार्य करने तथा देश के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल में कुल 8931 दिन सर्वाधिक दिवस सेवा करते हुए कार्य करने का नया रिकार्ड बनाया है। इसके पहले यह रिकॉर्ड सिक्किम के मुख्यमंत्री श्री पवन चामलिंग के नाम था जिन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में 8930 दिवस कार्य किया था।

पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी संभवतः विश्व के ऐसे नेता भी हैं जिन्होंने एक भी दिवस अवकाश लिए बिना प्रधानमंत्री के रूप में सेवा कार्य किया है।

## बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**सागर**। प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम से जाटव समाज सागर द्वारा किया जाएगा। जयंती की तैयारी के संदर्भ में आज बैठक आयोजित की गई जो साईं मंदिर धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रमुख लोगों ने भागीदारी कर जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए सहमति जताई व समाज जन ने पहुंचकर जयंती के कार्यक्रम को पूरे शहर व जिले की समाज को साथ लेकर व बाबा साहब को मानने वाले अनुयायियों के साथ मिलकर एकता का संदेश देते हुए इस जयंती को मनाने के लिए उत्साह वर्धन किया।

## लाखा बंजारा झील में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई व जल पूजन कार्यक्रम आयोजित

**सागर**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026- जल शक्ति से नव भक्ति" कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मार्च से 27 मार्च (वर्ष प्रतिपदा से रामनवमी) तक प्रथम चरण में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करना था। इसी क्रम में सागर के लाखा बंजारा झील के चकराघाट पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान नदी तट की स्वच्छता की गई तथा जल पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम विकासखंड सागर के द्वारा जल शक्ति नव भक्ति कार्यक्रम जल स्वच्छता, संरक्षण, जागरूकता कार्यक्रम का संदेश चकरा घाट पर दीप दान, भजन, जल संरक्षण हेतु मानव श्रृंखला, जल ही जीवन है जल है तो कल है बिन जल सब सून के जय घोष के आयोजित किया गया इसके साथ साथ चकराघाट पर उपस्थित जन समुदाय को जल संरक्षण हेतु जागरूक किया।

# सार्वजनिक स्थानों पर नप ने गर्मी में ठंडे पानी के लिए लगाई प्याऊ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

गर्मी का प्रकोप शुरु हो गया है। नगर परिषद द्वारा गर्मी के मौसम में सार्वजनिक स्थानों पर ठण्डे पानी के लिए प्याऊ लगाने की दीन दयाल परिसर से शुरुआत कर दी गई है। न.प. के सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने बताया कि नगर के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी ठण्डे पानी पीने की सुविधा के लिए प्लाई लगाई जा रही है।

न.प. द्वारा लोहे के स्टेंड बना कर उन पर मिट्टी के घड़े रख कर प्रतिदिन पानी भरने की व्यवस्था की जाती है। जिससे सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को पीने ठण्डा पानी हमेशा उपलब्ध रह सके। दीन दयाल परिसर पर ठण्डे पानी की व्यवस्था के लिए लगी प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर सीएमओ हरिशंकर वर्मा, अनुराज सराठे, अनिल धाकड़ सहित न.प. के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# गर्मी-टंडक के बने माहौल से लोग हो रहे बीमार

## सिविल अस्पताल और डॉक्टरों के यहां लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



दो दिन पहले तक तेज धूप गर्मी का माहौल बना हुआ था। अचानक बदले मौसम बारिश आंधी का असर फसलों के साथ लोगों के शरीर पर असर पड़ रहा है। सर्दी, जुखाम, बुखार, पेट दर्द से पीड़ितों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। सिविल अस्पताल और प्राइवेट डाक्टरों के यहाँ मरीजों की भीड़ लग रही है।

चैत्र नवरात्रि, मौसम परिवर्तन का भी समय होता है। दिन गर्म और रात ठण्डी होती है। परन्तु पिछले 2 दिनों से जिस प्रकार मौसम खराब हुआ है। उसका सीधा असर शरीर और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दूषित पानी खाद्य सामग्री भी लोगों के बीमार होने का कारण बन रही है।

### सर्दी, जुखाम, बुखार और बदन दर्द का जोर

मौसम की मार से लोग सर्दी जुखाम से पीड़ित, बुखार और बदन दर्द से परेशान होकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के पीड़ित भारी संख्या में सिविल अस्पताल पहुंच रहे है। लोगों की प्रायवेट डॉक्टरों के यहाँ भी उपचार कराने भीड़ लग रही है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 मार्च को

**सागर**। डॉ हरीसिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 151वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 25 मार्च दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक। आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए अंतिम तिथि 01 अप्रैल

**सागर**। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। जिसमें ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2026 है। इच्छुक आवेदक वेबसाईट पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते है।

# तीसरे दिन भी बिगड़ा रहा मौसम आसमान में बादलों का डेरा


## गीली फसलों को सुखाने किसानों का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले 2 दिन हुई बारिश और तेज आंधी चलने से फसलों का भारी नुकसान हुआ। कटाई से पूर्व सूखी गेंहू, चना की फसलें पानी के भार और तेज हवा आंधी से खेतों में आड़ी हो गई। कटी फसलें भीग जाने से उनकी थ्रेसिंग रुक गई। किसान गीली हुई फसलों को उलट-पलट कर और तेज धूप में सूखाने का प्रयास कर रहे है।

■ दिन में धूप-छांव की रही स्थिति

मौसम का मिजाज तीसरे दिन भी खराब बना रहा। बादल छाये रहने से सूरज की लुकाछिपी का खेल चलता रहा। गनीमत रही की बारिश नहीं हुई। गिरा तापमान फिर बढन्ना शुरु हो गया है। इसी के साथ दिन और रात में भारी उमस से लोग हैरान-परेशान बने हुए है।



### फसल नुकसान सर्वे की मांग

पिछले दो दिन तेज आंधी, बारिश के कारण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर फसलें आड़ी होने के साथ भींग गई। फसल आड़ी होने से दाना पतला उत्पादन में गिरावट और फसलें बारिश से भीगने के कारण दाने की चमक जाने के साथ क्वालिटी खराब होने की संभावना रहती है। ऐसी उपज के भाव कम मिलते है। किसानों, किसान संगठनों द्वारा बारिश से भीगी बर्बाद, आड़ी हुई फसलों का सर्वे करा कर किसानों को आर्थिक मदद देने की मांग जोर पकड़ रही है।

समर्थन मूल्य पर खरीद, तौल व्यवस्थाओं पर चर्चा

# विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ किसान संघ पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




क्षेत्र के किसानों के बीच सक्रिय भारतीय किसान संघ एवं विभिन्न विभागों के स्थानीय अधिकारियों के साथ मंडी के सभा कक्ष में संयुक्त बैठक हुई। समर्थन मूल्य पर खरीदी, बड़े इलेक्ट्रनिक कांटों पर तौल, बेयर हाउसों में रेम्प निर्माण के साथ खरीदी केन्द्र सोसायटी के पास बनाने पर चर्चा की गई। ग्रीष्म कालीन मूंग और यूरिया किसानों को उपलब्ध कराने बीज, खाद कीटनाशकों की जाँच और कार्यवाही की मांग की गई।

संयुक्त बैठक के दौरान किसान संघ के पदाधिकारियों ने गुरारिया से उपजा संगम तक बनाये जा रहे मार्ग पर माटी मिट्टी डाल कर ठेकेदार द्वारा दो माह से कार्य न करने से ग्रामीणों को हो रही आवागमन की परेशानियों को दूर करने का आग्रह किया।

फोती नामांतण, सीमांकन के राजस्व प्रकरणों में तेजी लाने तहसील के खेतों वाले ग्रामीण मार्गों की नपती कर अतिक्रमण हटाने और चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग और चर्चा की गई।

भारतीय किसान संघ एवं स्थानीय अधिकारियों की संयुक्त बैठक में एसडीएम सन्तोष मुदगल, तहसीलदार रामजीलाल वर्मा, किसान संघ के जिला अध्यक्ष केसर सिंघ धाकड़, नारायण सिंह पनारिया, ब्रजेन्द्र राजपूत, ब्रजेश साद, भगवान सिंह ठाकुर, रेवा शंकर शर्मा, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन, समर्थन मूल्य से जुड़ी सहकारी संस्थाओं, कृषि विभाग के साथ किसानों, किसान संघ से जुड़े किसानों की उपस्थिति रही।

बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा और शीघ्र कार्यवाही कर किसानों को किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने, समस्याओं का निराकरण किये जाने का आग्रह किया गया।



# 450 साल पुराना इतिहास समेटे बैठीं छोले वाली मैया, श्रद्धालु दरबार में लेकर आते हैं मनोकामनाएं, बनते हैं बिगड़े काम

### मान्यता : गांव में महामारी फैली तो संत के कहने पर ग्रामीणों ने कराया था यज्ञ, मां छोले वाली प्रकट हुई थीं

### खंडेरा गांव में होली वाली दूज के दिन किसी भी धारदार औजार का उपयोग नहीं किया जाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय से 18 किमी दूर सागर रोड़ पर स्थित खंडेरा में विराजमान पांच मुख वाली छोले वाली मैया जिले ही नहीं प्रदेशभर में प्रसिद्ध हैं। माता के दरबार में साल भर भक्तों आना लगा रहता है, लेकिन नवरात्रि के अवसर पर यहां भक्तों की अटूट भीड़ देखने को मिलती है। शारदीव व चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया जाता है। छोले वाली माता मंदिर खंडेरा के पुजारी दिनेश दुबे के मुताबिक यह मंदिर बहुत



प्राचीन है। माता मंदिर में आने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर छोले वाली माता रानी के दरबार में आते हैं।

#### माता ने प्रकट होकर ग्रामीणों की महामारी से की थी रक्षा

मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश दुबे और खंडेरा गांव के निवासी रवि दुबे ने बताया कि मंदिर का इतिहास लगभग 450 साल पुराना है। बहुत सालों पहले खंडेरा गांव में महामारी फैली थी। महामारी की वजह से लोग मर रहे थे, जिससे गांव खाली हो रहा था। इसी दौरान एक साथ पांच लोगों की अंतिम यात्रा के दौरान रास्ते में एक संत मिले और संत महात्मा ने लोगों से कहा कि आप लोग गांव में यज्ञ करवाओ। ग्रामीणों ने संत की बात मान ली। गांव में यज्ञ हवन करवाया, यज्ञ के सातवें दिन छोले के पेड़ के नीचे से जमीन फटी और पांच मुख वाली माता की प्रतिमाएं प्रकट हुई। गांव वालों ने प्रतिमाओ का नाम छोले वाली मैया रखा और तभी गांव में फैली महामारी समाप्त हो गई थी। गांव वालों की श्रद्धा अटूट आस्था छोले वाली माता रानी के प्रति बढ़ गई।

### डीईओ, प्राचार्य के आदेश के बावजूद भी कॉपी जांचने केंद्र नहीं पहुंच रहे शिक्षक

# मूल्यांकन कार्य में सुस्ती: 10वीं-12वीं की सिर्फ 60 फीसदी ही कॉपियां जांची

### सीसीटीवी कैमरों की सघन निगरानी में दो चरणों में चल रही कॉपियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

हाई स्कूल, हायर सेकंड्री बोर्ड परीक्षाओं के बाद शुरू हुआ कॉपी मूल्यांकन कार्य जिले में अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा है। शहर के पाटनदेव स्थित एक्सीलेंस स्कूल में दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। यह कार्य प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चलता है। एक्सीलेंस स्कूल प्राचार्य स्वाति चौहान की मौजूदगी में मूल्यांकन कार्य चल रहा है।

स्थिति यह है कि अब तक 10वीं और 12वीं की केवल करीब 60 फीसदी उत्तर पुस्तिकाओं का ही मूल्यांकन हो सका है। जबकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत कॉपियों की जांच पूरी करने का लक्ष्य रखा गया था। बावजूद इसके, बड़ी संख्या में शिक्षक मूल्यांकन केंद्रों पर नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं। जिससे काम की रफ्तार धीमी बनी हुई है।

जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी डीडी रजक के अनुसार मूल्यांकन कार्य दो चरणों में संचालित किया जा रहा है। पहले चरण में ही अधिकांश कॉपियों की जांच पूरी कर ली जानी थी, लेकिन शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति के कारण यह लक्ष्य अधूरा रह गया। अब दूसरे चरण में भी वही स्थिति बनी हुई है, जिससे विभाग की चिंता बढ़ गई है।

#### खास बात

- 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा की एक लाख 60 हजार 721 कॉपियां जंचने पहुंची
- 45 हजार 501 कॉपियां जंचने के लिए बाद में आईं
- 10वीं के लिए 15 और 12वीं की कॉपी जांचने 16 रुपये का मिलेंगे।

### 244 शिक्षक और शिक्षिकाएं कॉपी के मूल्यांकन कार्य में जुटे



#### निर्देश के बावजूद भी केंद्र नहीं पहुंच रहे शिक्षक

जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और संबंधित प्राचार्यों द्वारा बार-बार निर्देश जारी करने के बावजूद कई शिक्षक मूल्यांकन केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। चार दिन के लगातार अवकाश पड़ जाने से भी शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन कार्य में रुचि नहीं ली, लेकिन इसका खास असर देखने को को मिल रहा। कई केंद्रों पर निर्धारित संख्या में परीक्षक नहीं होने से उपस्थित शिक्षकों पर काम का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

#### शिक्षकों ने कहा- महंगाई के दौर में राशि मिल रही कम

मूल्यांकन कार्य में रुचि कम होने का एक कारण भुगतान राशि को भी माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार 10वीं कक्षा की एक कॉपी जांचने के लिए 15 रुपये और 12वीं की कॉपी के लिए 16 रुपये का भुगतान निर्धारित है। शिक्षकों का कहना है कि वर्तमान महंगाई के दौर में यह राशि बेहद कम है, जिससे उनमें उत्साह की कमी देखी जा रही है। हालांकि जिला शिक्षा विभाग के अफसरों का कहना है कि भुगतान राज्य स्तर पर तय होता है और उसी के अनुसार कार्य कराया जा रहा है।

इधर, मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कॉपियों की जांच की जा रही है। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही सामने आने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके बावजूद कार्य की धीमी गति ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### मूल्यांकन कार्य में लाएंगे जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त शिक्षकों की ड्यूटी भी लगाएंगे

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही समीक्षा बैठक कर मूल्यांकन कार्य में तेजी लाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी और अनुपस्थित रहने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर, मूल्यांकन कार्य में जारी सुस्ती से छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ रही है। क्योंकि परीक्षा परिणाम घोषित होने में देरी की आशंका भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में विभाग के सामने समय रहते व्यवस्था सुधारना एक बड़ी चुनौती बन गया है।


# निर्माणाधीन पुलिया में जा गिरी पिकअप, चालक-क्लीनर घायल

### सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाने पर ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन-राहतगढ़ स्टेट हाईवे पर निर्माणाधीन पुलिया एक बार फिर हादसे की वजह बन गई। रविवार को फलों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी पुलिया में जा गिरी। हादसे में चालक और क्लीनर घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना सागर रोड स्थित ग्राम पठारी के पास निर्माणाधीन पुलिया के पास की है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप वाहन जैसे ही निर्माण स्थल के पास पहुंचा, चालक संतुलन खो बैठा और वाहन सीधे पुलिया में गिर गया। लोगों ने तुरंत वाहन में सवार दोनों घायलों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने सड़क निर्माण कंपनी और ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान कई स्थानों पर सड़क को खोद दिया है। लेकिन लापरवाही का आलम यह है कि कहीं भी चेतावनी या सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाए हैं।




# किले की चढ़ाई के दौरान रिवर्स होकर खाई में जा गिरी कार, दो युवकों ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के ऐतिहासिक किला परिसर में सीढ़ी वाले रास्ते से चढ़ाई कर रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार में सवार दो युवकों ने समय रहते कूदकर जान बचा ली।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब 4 बजे बलेनो कार में सवार



फजान खान निवासी तालाब मोहल्ला वार्ड 9 और तौफील खान निवासी हटोर मोहल्ला रायसेन किला घूमने के लिए सीढ़ी वाले सीसी रोड से ऊपर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कार को रिवर्स करते समय संतुलन बिगड़ गया और कार अचानक पीछे की ओर लुढ़कते हुए खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के वक्त दोनों युवक घबरा गए, लेकिन समय रहते कार का गेट खोल कर कूद गए, जिससे जान बच गई।

### 76 अखंड ज्योति प्रज्वलित कर मना रहे माता के चैत्र नवरात्रि

**सलामतपुर।** नगर के श्री शिव शक्ति हनुमान मंदिर त्रिमूर्ति चौराहा पर 76 अखंड ज्योति प्रज्वलित कर नवरात्रि मनाया जा रहा है, जिसमें प्रति शनिवार कई हजारों लोग यहां से अपनी कामना पूर्ण कर पा रहे हैं। इस स्थान पर वर्ष 1998 से रामायण पाठ निरंतर जारी है। कई वर्षों से महाआरती एवं दिव्य दरबार लगता है। पंडित हेमंत भार्गव बिट्टू महाराज द्वारा बताया गया कि यहां पर कई प्रकार की समस्या का समाधान हो जाता हैं। जैसे पुत्र प्राप्ति ओर शराब छोड़ने में सहायता एवं कई दुर्लभ कार्यों की पूर्ति 5 शनिवार की आरती करने से पूरी होती हैं। शनिवार को महाआरती ठीक 7 बजे शाम से प्रारंभ होती हैं।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व गाड़ी सर्विस कैंप आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के सिद्धिसारथी टीवीएस शोरूम पाटनदेव द्वारा अपने सभी ग्राहकों के लिए 23, 24 और 25 मार्च को तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं वाहन सर्विस कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

इस विशेष कैंप में शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रूपेंद्र शाक्य उपस्थित रहेंगे, जो ग्राहकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श देंगे। शोरूम प्रबंधन के अनुसार, टीवीएस के सभी ग्राहक इन तीनों दिनों में अपने स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए शोरूम पहुंचकर डॉक्टर से निःशुल्क जांच करा सकते हैं। इसके साथ ही वाहन सर्विस कैंप में अपनी गाड़ियों की सर्विस भी करवा सकते हैं।कैंप के दौरान ग्राहकों को विभिन्न आकर्षक छूट का लाभ भी दिया जाएगा।

इसमें लेबर चार्ज पर 30 प्रतिशत, ऑयल पर 5 प्रतिशत, स्पेयर पार्ट्स पर 5 प्रतिशत तथा टायर पर 15 प्रतिशत तक की छूट शामिल है।टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर सागर शर्मा ने सभी ग्राहकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कैंप का लाभ उठाएं और स्वास्थ्य परीक्षण के साथ अपनी गाड़ियों की सर्विस भी कराएं।

## हिन्दू नववर्ष पर निकली भगवा शौर्य पदयात्रा, बड़ी संख्या में लोग शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

हिंदू नववर्ष पर रविवार को धर्म रक्षक संगठन के तत्वावधान में भव्य भगवा शौर्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित दीवानगंज के पास स्थित कर्क रेखा स्थल से प्रारंभ होकर दीवानगंज सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों व मार्गों से होते हुए भोपाल पहुंची।

पदयात्रा का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यात्रा रेलवे स्टेशन दीवानगंज, सेमरा, चांदनी चौक स्थित शिव मंदिर, श्री गणेश मंदिर, अयोध्या धाम मंदिर अंबाडी, इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर,



भवानी चौक, राम जानकी मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर दीवानगंज जैसे प्रमुख स्थानों से गुजरती हुई फैक्ट्री चौराहा पहुंची। इसके बाद रैली भोपाल-विदिशा हाईवे से होते हुए बालमपुर, सुखी सेवनिया, भदभदा, छोला दशहरा मैदान होते हुए लालघाटी गुफा मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस दौरान रैली में करीब 1000 से 1200 श्रद्धालु शामिल हुए, जो अपनी-अपनी बाइकों पर भगवा ध्वज लगाकर चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर "जय श्री राम" सहित धार्मिक नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया गया। यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए थे। पदयात्रा ने क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का संदेश देते हुए लोगों में उत्साह का माहौल बना दिया।

## जमना सेन बने बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के तहत जिले के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इस नियुक्ति के बाद रायसेन सहित पूरे प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। बताया गया है कि श्री सेन की नियुक्ति भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार की अनुशंसा पर की गई है। साथ ही पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोपाल संभाग प्रभारी डॉ तेज बहादुर सिंह, जिला प्रभारी राजो मालवीय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की अनुशंसा भी शामिल रही। स्थानीय स्तर पर "चुनरी वाले भैया" के नाम से प्रसिद्ध जमना सेन लंबे समय से पार्टी संगठन, समाजसेवा और धार्मिक कार्यों से जुड़े रहे हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की जिले में हुई शुरुआत

### प्रशिक्षण वर्ग में जिलाध्यक्ष ने पार्टी के इतिहास और विकास पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत रविवार को मंडीदीप में नगर एवं ग्रामीण मंडल सहित खरवई मंडल में 24 घंटे का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जो प्रथम और द्वितीय दो सत्रों में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप जलाकर उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रमों की शुरुआत की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि इतिहास



और विकास विषय पर बोलते हुए कहा कि सन 1947 में हमारा भारत देश आजाद हुआ इससे पूर्व हम आजाद नहीं थे मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते हमारे देश का विभाजन हुआ था उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू बने थे, उन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते देश के लिए कुछ नहीं किया।

इसके पश्चात हमारे देश में जनसंघ की स्थापना पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा की गई, उन्होंने 1951 में पहला संकल्प लिया था कि इस देश में दो निशान और दो विधान नहीं चल पाएंगे और भारत में एक प्रधानमंत्री होना चाहिए।

### समाजजनों से सहभागिता की अपील, उमेश बने तहसील अध्यक्ष

# कायस्थ चित्रांश समागम को लेकर तेज हुई तैयारियां, पीले चावल देकर दिया आमंत्रण

आयोजन को सफल बनाने जिलेभर में चल रहा जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जिले के बाड़ी कस्बे में आगामी 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले कायस्थ चित्रांश समागम को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंचने लगी हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जिला इकाई रायसेन द्वारा आयोजित इस महत्वपूर्ण सामाजिक आयोजन को सफल बनाने के लिए जिले भर में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

समाज के अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महासभा के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर परंपरागत तरीके से पीले चावल भेंट कर समाजजनो को आमंत्रण दिया जा रहा है। इसी क्रम में पदाधिकारी सिलवानी पहुंचे, जहां भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में विधिवत आमंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समाजजनों को समागम में शामिल होने का आग्रह करते हुए इसकी महत्ता बताई गई।

#### खास बातें

- श्री चित्रगुप्त मंदिर में आमंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया
- पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया
- कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार को भी गति दी गई



कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अमित श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामगोपाल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष रामकृपाल श्रीवास्तव तथा मार्गदर्शक मंडल के सदस्य महेश श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहे। तहसील इकाई अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव सहित चित्रांश समाजजनों ने आगंतुक पदाधिकारियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इसके पश्चात आमंत्रण दल बम्होरी भी पहुंचा, जहां भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज, श्री महादेव, मां भगवती एवं श्री हनुमान जी महाराज के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर आमंत्रण पत्र एवं पीले चावल भेंट किए गए। इस दौरान बम्होरी के चित्रांश समाज के लोगों से समागम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार को भी गति दी गई।

महासभा के पदाधिकारियों ने उमेश सक्सेना को बम्होरी तहसील अध्यक्ष नियुक्त करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस नियुक्ति से स्थानीय स्तर पर संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। समागम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं आपसी समन्वय को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।